# Rajasthan State Pollution Control Board

Headquarter, 4, Institutional Area, Jhalana Doongri, Jaipur-302004
Phone : 0141-2716805,2716814 e-mail : member-secretary@rpcb.nic.in

## निविदा सूचना

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों (GF&AR) के सृजन हेतु एक मुश्त मानदेय/पारिश्रमिक पर कार्य करने हेतु।**

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल हेतु सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के सृजन का कार्य करने के लिये एक मुश्त पारिश्रमिक पर आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति/संस्था/फर्म अपना आवेदन सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर को प्रस्तुत करें।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य पूर्ण करने की अवधि | संपूर्ण कार्य करने हेतु अनुमानित राशि रूपये | निविदा जमा कराने की अन्तिम तिथि | निविदा खोलने का समय व तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों (GF&AR) का सृजन। | 3 माह | 1,20,000/- | 31.5.2020 अपरान्ह 3.00 बजे तक | 31.5.2020 सांय 5.00 बजे तक |

निविदा की शर्तें एवं प्रपत्र राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, जयपुर के कार्यालय : 4, संस्थानिक क्षेत्र, झालाणा डूँगरी, जयपुर(दूरभाष संख्या 0141-2716814) से अथवा वेबसाईट http://environment.rajasthan.gov.in तथा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देखे व डाउनलोड किये जा सकते हैं।

(शैलजा देवल)
सदस्य सचिव

Rajasthan State Pollution Control Board
Headquarter, 4, Institutional Area, Jhalana Doongri, Jaipur-302004
Phone : 0141-2716805,2716814 e-mail : member-secretary@rpcb.nic.in

## निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्ते

## राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों (GF&AR) के सृजन हेतु एक मुश्त पारिश्रमिक पर कार्य करने हेतु।

राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम,2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम,2013 के नियमों के अन्तर्गत राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल हेतु सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के सृजन का कार्य करने हेतु एक मुश्त पारिश्रमिक पर आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति/संस्था/फर्म अपना आवेदन दिनांक 31.5.2020 को अपरान्ह 3.00 बजे तक सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर को प्रस्तुत करें। इस हेतु विस्तृत विवरण, शर्ते एवं आवेदन पत्र का प्रारूप मण्डल वेबसाईट http://www.environmnt. rajasthan. giv.in/rpcb एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

### क. कार्य का विवरणः–

वित्तीय नियम एवं प्रक्रिया जिसमें धन राशि की प्राप्ति/व्यय, भुगतान लेखों का संधारण, संविदा के सामान्य सिद्धांत दुर्वियोजन, कपट एवं हानियाँ राजस्व पत्राापित के सामान्य नियम, मण्डल भवनों, भूमियों का किराया, राशि की अभिरक्षा, स्वीकृति की शक्तियाँ, भुगतान संबंधी अनुदेश, कार्यभार, सेवा अभिलेखों, बिलों की कटौती, अग्रिम लेखों/अनुदान के लेखों की विधि, सामान की खरीद एवं सामान की प्राप्ति, सामानों की अभिरक्षा एवं लेखांकन, सामान का निर्गम, अनुपयोगी सामान और उनके नीलामी की प्रक्रिया, विभिन्न स्तर के अधिकारियों को कार्य निष्पादन हेतु वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन आदि। इसके अतिरिक्त राज्य मण्डल प्रशासन द्वारा वित्तीय एवं लेखा नियमों से संबंधित अन्य अनुदेश इत्यादि का समावेश करते हुये राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों (GF&AR) का सृजन।

### ख. कार्य का अनुमानित पारिश्रमिकः–

सम्पूर्ण कार्य हेतु कुल राशि रूपये 1,20,000/–(रूपये एक लाख बीस हजार मात्र), नियमानुसार जीएसटी अतिरिक्त देय।

### ग. शर्तेः

1. उपरोक्त कार्य करने की अवधि, कार्य आदेश जारी करने की तिथि से **3 माह** है।
2. उक्त कार्य हेतु राजस्थान सरकार के विभागों/निगमों/मण्डल/स्वायत्तशासी संस्थाओं में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों (GF&AR), राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम,2012 (RTPP Act) लेखा नियमों से संबंधित कार्य करने का अनुभव रखने वाले व्यक्ति/संस्था/फर्म को प्राथमिकता दी जावेगी।

# Rajasthan State Pollution Control Board

Headquarter, 4, Institutional Area, Jhalana Doongri, Jaipur-302004
Phone : 0141-2716805,2716814 e-mail : member-secretary@rpcb.nic.in


3. राज्य मण्डल स्तर से प्रारूप में किसी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन चाहने पर तदानुसार प्रारूप मे संशोधन करना होगा।
4. कार्य के पारिश्रमिक का भुगतान दो बार में किया जावेगा। प्रथम बार कार्य प्रारम्भ करने के 45 दिवस पश्चात् राशि 25 प्रतिशत तथा शेष 75 प्रतिशत राशि का भुगतान नियमों का प्रारूप मण्डल स्तर से स्वीकार करने पर किया जावेगा।
5. नियमानुसार टैक्स कटौती करने के पश्चात् ही भुगतान किया जावेगा।

(शैलजा देवल)
सदस्य सचिव

# आवेदन पत्र का प्रारूप

सदस्य सचिव,
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
4, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डुगरी,
जयपुर।

विषयः– राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल हेतु सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों (GF&AR) का सृजन।

संदर्भः– आप द्वारा जारी निविदा सूचना दिनांक ......................

महोदया,

उपरोक्त निविदा के क्रम में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल हेतु सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों (GF&AR) के सृजन करने हेतु अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता/संस्था अपनी सेवायें देने का इच्छुक है।

1. आवेदक का नाम..........................................................................................

2. फर्म/संस्था का नाम व पता ..........................................................................

3. दूरभाष/मोबाईल नम्बर....................................................................................

4. फर्म/संस्था में नियुक्त सी.ए./लेखाकारों का विवरण

5. अनुभव का संक्षिप्त विवरण..............................................................................
...........................................................................................................
...........................................................................................................
...........................................................................................................

6. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल हेतु सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों (GF&AR) के सृजन का समस्त कार्य करने के लिए कुल पारिश्रमिक की वांछित राशि...................................(अक्षरे..........................................................).

## वचनबद्धता

मैं शपथ पूर्वक अभिपुष्टि करता हूँ कि ऊपर प्रस्तुत की गई सूचना मेरे सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सही है, इसमें कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। मैं यह भी वचन देता हूँ कि उपरोक्त कार्य हेतु चयन की स्थिति में मैं अपनी उम्मीदवारी को वापिस नहीं लूँगा/लूँगी अथवा प्रस्तावित किये जाने पर कार्य को अस्वीकार नहीं करूँगा/करूँगी।

आवेदक के हस्ताक्षर